प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

14.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज कांगड़ा जिला के देहरा में नशामुक्त–सुरक्षायुक्त बाईक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को हैलमेट भी वितरित किए। इस रैली में शामिल होकर उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहकर और सुरक्षित वाहन चलाते हुए अपनी उर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आहवान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल को नशामुक्त करना हमारी प्रतिबद्धता है जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है और इसके प्रति सभी को जागरूक होना बेहद जरूरी है। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित केन्द्र व प्रदेश के नेतृत्व का भी आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रवादी नीतियों को जन–जन तक ले जाएंगे। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि हिमाचल की सभी 4 लोकसभा सीटें जीता कर 4 सौ पार के संकल्प में देवभूमि हिमाचल का योगदान सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के पालमपुर में करोड़ों रूपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष हिमाचल की प्रगति में चाहे कितनी भी बाधाएं डालने की कोशिश करें लेकिन हिमाचल के हित में कोई भी कार्य नहीं रूकेंगे। उन्होंने कहा कि 15 महीने के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने अनेक चुनौतियों से निकलने में सफलता हासिल की है और अब राजनीतिक चुनौती से लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के युवाओं को सशक्त और समृद्ध करने की है।

भेंट

जेओए आई टी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके शिमला स्थित सरकारी आवास ओक ओवर में भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने इस पोस्ट कोड की परीक्षा का परिणाम घोषित करने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए

वचनबद्ध है और इस दिशा में निरन्तर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेओए आईटी परीक्षा का परिणाम घोषित करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने विभिन्न कानूनी पहलुओं का अध्ययन किया और विधि विशेषज्ञों का परामर्श भी लिया।

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शिमला में नगर नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर नियोजन के लिए एतिहासिक महत्व के पहलुओं पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए जैसे कि हमारे पूर्वज अतीत में करते थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजना बनाते समय हितधारकों के सुझावों को विशेष अधिमान देना चाहिए न कि मापदंडों को उन पर थोपा जाए। राजेश धर्माणी ने कहा कि विकासात्मक योजनाओं में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के पहलुओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने भर्ती व पदोन्नति नियमों में आवश्यक सुधार व उन्हें अद्यतन करने के निर्देश भी दिए।

अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दधोगी में लगभग 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित कडयाह स्थित राजकीय माध्यमिक पाठशाला भवन का लोकार्पण करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि राज्य सरकार गरीब मेधावी छात्रों को व्यावसायिक व उच्च शिक्षा के लिए कम दरों पर ऋण सुविधा भी प्रदान कर रही है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं जबकि जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी से फिलहाल मनाली केलंग सड़क मार्ग अवरुद्ध है और घाटी की अंदरूनी सड़कों पर भी बर्फ जमने से सफर जोखिम भरा बना हुआ है। हालांकि बीआरओ द्वारा बर्फबारी से बंद सड़क मार्गों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

नमस्कार।